**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 2799**

**गुरुवार,** 19 **दिसम्बर, 2024/28 अग्रहायण**, **1946 (शक)**

**नौकरी तलाशने वालों के लिए एकल खिड़की पोर्टल**

2799 **डा. के. लक्ष्मण:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

**(**क) क्या सरकार नौकरी तलाशने वालों के लिए एक ही स्थान पर रोजगार ढूँढ़ने और कौशल विकास सेवाओं की सुविधा प्राप्त करने के लिए एकल खिड़की शुरू करने की योजना बना रही है**,** यदि हाँ**,** तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है**;**

**(**ख) नौकरी तलाशने वालों के लिए एकल खिड़की पोर्टल कब तक शुरू किया जाएगा**;**

**(**ग) क्या राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल रोजगार की मांग के अनुरूप प्रभावी ढंग से आपूर्ति करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मेटा डाटा जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों का उपयोग करता है**;**

**(**घ) एनसीएस पोर्टल पर नौकरी तलाशने वाले कितने व्यक्तियों के रिज़्यूम उपलब्ध हैं**;** और

**(**ङ) क्या यह प्रणाली रिज़्यूम के विश्लेषण के आधार पर युवाओं की वर्तमान और भविष्य की कौशल आवश्यकताओं का अनुमान लगा सकती है**?**

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से **(**ङ): श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार, 2015 से राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल चला रहा है जो निजी और सरकारी क्षेत्रों से नौकरियों, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, रोजगार खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, कौशल / प्रशिक्षण कार्यक्रमों आदि सहित करियर से संबंधित सेवाएं एक डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से प्रदान करने के लिए वन-स्टॉप समाधान है। एनसीएस पोर्टल को 23 राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के पोर्टलों के साथ एकीकृत किया गया है, जबकि 7 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र रोजगार चाहने वालों के पंजीकरण के लिए सीधे एनसीएस पोर्टल का उपयोग कर रहे हैं।

15 नवंबर, 2024 तक, एनसीएस पोर्टल पर 3.53 करोड़ से अधिक रिक्तियों जुटाई गई हैं और 36.23 लाख से अधिक नियोक्ताओं ने पंजीकरण किया है। रोजगार चाहने वालों द्वारा रिज़्यूम सहित प्रदान की गई जानकारी नौकरी मिलान के लिए पोर्टल पर उपलब्ध है।

पोर्टल में सुधार एक सतत और गतिशील प्रक्रिया है। नवीनतम उपलब्ध प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए आवश्यकता के अनुसार परिवर्तन किए जाते हैं।

***